वार्षिक परीक्षा –2019–20 1718J/A/900

कक्षा – 11

विषय – हिन्दी (द्वितीय प्रश्न पत्र)

समय – 2½ घण्टे पूर्णांक – 45

नोट : कार्य स्वच्छतापूर्वक करें।

प्र01 निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 4

1. स आह–कुत्र तव कंकणम्? व्याघ्रो हस्तं प्रसार्य दर्शयति। पन्थोऽवदत्–कथं मारात्मके त्वयि विश्वासः। व्याघ्र उवाच–श्रृणु रे पान्थ! प्रागेव यौवनदशायामहमतीव दुर्वृत्त आसम्। अनेकगोमानुषाणां बधान्मे पुत्रा मृताः दाराश्च वंशहीनाश्चाहम्। ततः केनचिद्ध धामिकेणाहमादिष्टः–दाधमार्दिकं चरतु भवान् तदुपदेशा–दिदानीमहं स्नानशीलो दाता वृद्धो गलितनखदन्तो न कथं विश्वासभूमिः।

अथवा

2. भारतवर्षस्य उत्तरप्रदेशराज्ये प्रयागस्य विशिष्टं स्थानमस्ति। अत्र ब्रह्मण प्रकृष्टयागकरणात् अस्य नाम प्रयागः अभवत्। गंगा–यमुनयोः संगमे सितासितजले स्नात्वा जनाः विगतकल्मषा भवन्ति इति जनानां विश्वासः। अमायां पौर्णमास्यां संक्रान्तौ च स्नानर्थिनामत्र महान् सम्पर्दः भवति। प्रतिवर्षं मकरं गते सूर्ये माघमासे तु अनेकलक्षाः जनाः अत्र आयान्ति मासमेकमुषित्वा च संगमस्य पवित्रेण जलेन , विदुषां महात्मनामुपदेशामृतेन च आत्मानं पावयन्ति।

प्र02 निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 4

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।<br>
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अथवा

मातृवत् परदारेषु, परद्रव्येषु लोष्ठवत्।<br>
आत्मवर्त सर्वभूतेषु यः, पश्यति सः पण्डितः।।

प्र03 निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी एक सूक्ति की सन्दर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए– 4

1. नार्य हन्ति न हन्यते।





2. लोभः पापस्य कारणम्।
3. प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः।

प्र04 निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 4

1. आंखें नीची होना।
2. पहाड़ टूट पड़ना।
3. कंगाली में आटा गीला।
40 दूर के ढोल सुहावने।

प्र05 निम्नलिखित शब्दों से सही विकल्प चुनिए– 2

(क) 1. अद्यापि का सन्धि विच्छेद है –

(अ) अद्या+अपि (ब) अद्य+अपि<br>
(स) आद्य+अपि (द) आद्या+आपि

2. रमा+ईशः की सन्धि है –

(अ) रमाईशः (ब) रमाशः<br>
(स) रमेशः (द) रमईशः

(ख) निम्नलिखित शब्द युग्मों में से किन्हीं दो शब्द–युग्मों के अन्तर स्पष्ट कीजिए – 2

1. नीर–नीड़ 2. कृपण–कृपाण<br>
3. भवन–भुवन 4. सुत+सूत

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो–दो अनेकार्थी शब्द लिखिए– 2

1. चपला 2. उत्तर<br>
3. तीर 4. बाल<br>
5. आप

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द समूहों के लिये एक–एक शब्द लिखिए – 2

1. जिसका कहीं अन्त न होता हो।
2. जिसकी तुलना न की जा सके।

3. निन्दा करने योग्य।
4. शरण में आया हुआ।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये— 2

1. माया को भारी भूख लगी है।
2. महात्मा गांधी देश के पूज्यनीय नेता थे।
3. बच्चों को चाकू से काटकर सेब खिलाओ।
4. एक फूलों की माला ले आइए।

(च) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी एक की विभक्ति व वचन बताइये— 2

1. सरितम् 2. सरित्सु
3. नाम्ने 4. नाम्नोः

प्र06 (क) करूण अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

इस करूणा—कलित ह्रदय में अब विकल रागिनी बजती।
क्यों हाहाकार स्वरों में वेदना असीम गरजती?
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है उसका स्थायी भाव लिखिये।

1. श्रृंगार रस 2. करूण रस
3. हास्य रस 4. वीर रस

(ख) अनुप्रास अथवा श्लेष अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये। 2

अथवा

भूषण सदृश उडुगन हुए, मुख चन्द शोभा छा रही।
विमलाम्बरा रजनी वधू, अभिसारिका सी जा रही।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है —

1. अनुप्रास 2. श्लेष
3. यमक 4. उपमा

(ग) चौपाई अथवा सोरठा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।2

अथवा

लसत मंजु मुनि मंडली, मध्य सीय रघुचंदु।
ग्यान सभा जनु जनु धरें, भगति सच्चिदानंदु।।

-3-

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा छन्द है?

1. चौपाई 2. सोरठा
3. दोहा 4. कुण्डलिया

प्र07 भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबन्धक को निजी उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु शिक्षा ऋण प्राप्ति के लिये एक आवेदन पत्र लिखिये। 5

अथवा

किसी विद्यालय के प्रबन्धक के नाम हिन्दी प्रवक्ता पद हेतु अपनी नियुक्ति के लिये एव आवेदन पत्र लिखिये।

प्र08 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये। 6

1. इण्टरनेट से लाभ एवं हानि।
2. पर्यावरण प्रदूषण की समस्या एवं समाधान।
3. मोबाइल फोन वरदान है या अभिशाप।
4. भारतीय समाज में नारी का स्थान।
5. बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के कारण एवं निवारण।